卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐 श्याम बाबा卐卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तराखण्ड सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक






# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 23 ♦अंक 330 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦7 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



अल्मोड़ा ज्वैलर्स
श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।
हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध है। मो. 9012749183
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर

# पेपर मिल में हादसा, श्रमिक की मौत

## पेपर ठीक करते समय रिमाइंडर मशीन में फंसा हाथ, मचा हड़कंप

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर रोड स्थित चीमा पेपर मिल की रिमाइंडर मशीन में फंसकर तड़के एक श्रमिक बुरी तरह लहुलुहान हो गया। नाजुक हालत में उसे इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां कुछ देर बाद ही घायल मजदूर ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से मृतक परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से जनपद कुशीनगर के राजा बाजार, खड़गा व हाल खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी दुर्गेश कुमार 21 वर्ष पुत्र स्वर्गीय नंदलाल यहां लगभग 25 वर्षों से अपनी मां तथा दो भाइयों के साथ बंटी नामक व्यक्ति के यहां किराए पर रहकर मेहनत मजदूरी करते हुए परिवार का भरण पोषण करता है। वर्ष 2015 में नंदलाल की मृत्यु के बाद परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी दुर्गेश पर आ गई। पिछले लगभग 2 वर्ष से दुर्गेश बाजपुर रोड स्थित चीमा पेपर मिल में काम करने लगा। बताया जा रहा है कि इन दिनों वह नाइट ड्यूटी में था। रोजाना की भांति गत बुधवार की रात्रि 10 से 6 की ड्यूटी में वह फैक्ट्री पहुंचा। बताते हैं कि तड़के लगभग 3:00 बजे ड्यूटी के दौरान अचानक पेपर ठीक करते हुए उसका हाथ तीन नंबर रिमाइंडर मशीन में आ गया। इस दौरान जब तक आसपास कम कर रहे श्रमिक कुछ समझ पाते मजदूर मशीन की चपेट में आकर बुरी तरह लहुलुहान हो गया। पेपर मिल के अधिकारियों को जैसे ही घटना की भनक (शेष पृष्ठ सात पर)





## ट्रक की टक्कर से व्यापारी की मौत

रानीखेत। रायस्टेट के निकट अज्ञात ट्रक से कुचलकर स्कूटी चालक व्यवसाई की दर्दनाक मौत हो गई । व्यवसायी राकेश देव विगत रात्रि स्कूटी पर अपने निवास रायस्टेट के लिए जा रहे थे तभी तीव्र गति से अल्मोड़ा की तरफ से आ रहे अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी व्यापारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया । परिवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया ।व्यापारी की मौत की समाचार मिलते ही व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई । मामले को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट को अवगत करवाया गया उन्होंने तत्काल एस पी अल्मोड़ा को ट्रक चालक को पकड़ने के निर्देश दिया। मंत्री के निर्देश के बाद ट्रक चालक को देर रात्रि खैरना मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया गया।

# शोभायात्रा में किया प्रभु का गुणगान और रात को हो गये प्रभु को प्यारे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख व्यवसायी एवं कृष्ण हॉस्पीटल के चैयरमेन विजय अग्रवाल का गत रात्रि निधन हो गया। आज गमगीन माहौल में मोक्षधाम में उनका अन्तिम संस्कार किया गया। स्व. श्री अग्रवाल डा. गौरव अग्रवाल, डा. पारस अग्रवाल एवं व्यापारी नितिन अग्रवाल के पिता थे। स्व. अग्रवाल गल्ला मण्डी में श्री कृष्णा बुक डिपो के नाम से कापियों और स्टेशनरी का कारोबार के साथ आढ़त का कारोबार भी करते थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही पूरे समाज में शोक की लहर दौड़ गई। आपको बता दे कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर गत दिवस नगर में निकली शोभा यात्रा में श्री अग्रवाल सभा द्वारा बनाई गई झांकी में श्री अग्रवाल अन्य भक्तों की भांति कांवड़ उठाकर पूरी शोभायात्रा में बाबा का गुणगान करते हुये पूरी तन्मयता के साथ भक्ति में लीन थे। बताया जाता है कि स्व0 (शेष पृष्ठ सात पर)





# महानता के काम करो लेकिन खुद को महान मत समझो

गढीनेगी (उद संवाददाता)।श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति विपत्तियों,बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है। महानता के काम करना लेकिन अपने को महान मत समझना। जीवन में वही आगे बढ़ सकते हैं जो व्यर्थ के उलझाव व टकराव से बचने की कोशिश करते हैं। संसार के सभी जीव मोह रूपी रात्रि में सोए हुए हैं मोह नींद में सोए उन जीवों को जगाने ही सभी संत, महापुरुष यहां तक की परमात्मा भी आते हैं। उन्होंने कहा कि इस संसार रूपी रात्रि में मात्र परमार्थी व प्रपंच से वियोगी लोग ही जागते हैं। जीव को जगा हुआ तभी जानना चाहिए जबकि उसे सभी विषयों व विलासिताओं से वैराग्य हो जाए।



उठो,वीजागो व अपने लक्ष्य की ओर बिना रुके तब तक चलते रहो जब तक कि तुम्हें तुम्हारा लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि भूतकाल से प्रेरणा लें, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाएं लेकिन वर्तमान में जीना सीख लें। सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय वर्तमान ही है। वर्तमान का ही उत्तम से उत्तम सदुपयोग करें। वर्तमान को छोड़कर मात्र भूत व भविष्य का चिंतन मूर्खता है। महाराज श्री ने कहा कि आज लोगों में सहनशक्ति का सर्वथा अभाव हो रहा है। किसी को एक दूसरे की बात अच्छी नहीं लगती। क्रोध व आवेश बात बात में आ जाता है। लेकिन ऐसा क्रोध व आवेश जिसके आने पर हम अपने होश खो बैठें, विवेक को जागृत ना रख सके, उचित अनुचित का बोध हमें ना रहे,हमारे जीवन के लिए अच्छा नहीं है। स्वस्थ व जीवित व्यक्ति की पहचान खून गर्म , चेतना जागृत परंतु मस्तिष्क ठंडा रहना है व राष्ट्र में शांति व प्रेम,एकता तथा सद्भाव बनाए रखने के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा कि हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए क्योंकि अन्यान्य प्रार्थनाओं की अपेक्षा इससे आप स्वयं को परमात्मा के अधिक करीब अनुभव करेंगे। श्री हरि कृपा धाम आश्रम में श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए दिनभर भक्तों का ताँता लगा रहा। लोग पहुँचें। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में आज रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा । जिसमें स्थानीय, क्षेत्रीय व देश के विभिन्न भागों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचेंगे।

# चिकित्सालय परिसर से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस अज्ञात वाहन चोरों ने किच्छा मार्ग पर एक निजी चिकित्सालय परिसर में खड़ी मोटरसाईकिल चोरी कर ली । घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अजय पाल पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम मालनखेड़ा, पोस्ट पट्टी बसंतपुर, तहसील बिलासपुर,रामपुर, हाल निवासी रम्पुरा, ने कहा है कि उसकी माता माया देवी किच्छा रोड, के एक निजी चिकित्सालय में आईसीयू में भर्ती है। 30 अगस्त की सुबह वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 22 डब्ल्यू 4621 हॉस्पिटल के परिसर में लॉक लगाकर अपनी माता को देखने गया था। कुछ देर बाद बाहर निकला तो उसकी मोटर साईकिल वहां मौजूद नहीं थी। जो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर ली है।

# बिजली चोरी में दो लोग नामजद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम द्वारा की गई औचक चैकिंग में दो भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े गये। दोनों भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में अंशुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम ने कहा है कि विभागीय टीम में शामिल राजेश सैनी अवर अभियन्ता सर्किल रुद्रपुर, खेम पाल लाईन कमी, शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सर्तकता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र हल्द्वानी चैकिग करते अफाक खान पुत्र वसी उल्ला निवासी भूतबंगला व श्रीमती रामवती पत्नी बुदद सेन निवासी रम्पुरा वार्ड 22 के आवास पहुंचे जहां विद्युत चोरी के मामले प्रकाश में आये। टीम ने मौके पर केबल जब्त कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अवैध वसूली करने वाले बैंक मित्रों के खिलाफ करें सख्त कार्यवाही: सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राहक सेवा केन्द्रों पर बैंक मित्र द्वारा अवैध वसूली न की जाये। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीसीसी/ डीएल आरसी) की बैठक लेते हुए सभी बैंकर्स को दिये। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश दिये कि ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों को चेतावनी जारी की जाए कि धनराशि के लेन-देन पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक धनराशि न वसूल की जाये, अन्यथा ऐंसे बैंक मित्रों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिये कि सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार परक योजनाओं में सरलता एवं प्राथमिका से ऋण वितरित किया जाये। ऋण स्वीकृति हेतु बैंकर्स अनावश्यक चक्कर न कटवाएं, स्वरोजगार हेतु युवाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाए। सीडीओ ने निर्देश दिये कि



पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराया जाये तथा नई गाइड लाइन के अनुसार कार्य किया जाये। सीडीओ ने सभी बैंकर्स को प्राप्त आवेदन पत्रों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैंकर्स तथा अधिकारियों को आपसी तालमेल से कार्य करने तथा समय से सूचनाओं का आदान प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभांवित व्यक्तियों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के भी निर्देश बैंकर्स को दिये। इस अवसर पर परियोना प्रबन्धक हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, लीड बैंक अधिकारी एसएस जंगपांगी, उप महाप्रबन्धक नावार्ड राजीव प्रियदर्शी, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध सहित सम्बन्धित बैंको के प्रबन्धक आदि उपस्थित थे।

# गौ सदनों के निर्माण के लिए दस दिन में डीपीआर प्रस्तुत करें: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश हेतु गोसदनों की स्थापना एवं संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में गो सदनों के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर ली गयी है, उनका दस दिन के भीतर डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि शासन को प्रेषित जा सकें। उन्होंने पानी, चारा गौदाम, लेबर तथा मैनेजमेंट रूम, बायोगैस संयत्र आदि को ध्यान में रखते हुए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन क्षेत्रों में गौशाला निर्माण किया जाना है, उसके 5 किमी0 के एरिया में यदि कही सरकारी भूमि उपलब्ध हो तो उसको चिन्हित कर चारा आदि के लिये आरक्षित कर लिया जाये। उन्होंने



निर्देशित करते हुए कहा कि बीमार पशुओं के ईलाज हेतु भी समुचित कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होने एसडीएम, नगर आयुक्त व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गौशाला निर्माण हेतु चिन्हित की गई भूमि के अतिरिक्त और भी भूमि चयनित करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर गोसदन शरणालय का निर्माण किया जा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, राकेश चन्द्र तिवारी, गौरव पाण्डेय, गौरव चटवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत आदि उपस्थित थे।

# योगी सेना ने फूंका उदयनिधि का पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदय निधि स्टालिन के सनातन धर्म विरोधी बयान से आक्रोशित योगी सैना ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र का पुतला फूंक कर रोष् जाहिर किया। सचिव हैप्पी चंद्रा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य बाजार में एकत्र हुए। जहां उन्होंने जोरदार नारेबाजी के बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदय निधि स्टालिन के पुतले को पीटते हुए आग के हवाले कर दिया। इस दौरान भाजपा नेता पंकज सेतिया ने कहा उदय स्टालिन की हिंदू धर्म पर की गई टिप्पणी नफरत फैलाने वाला भाषण है। उन्होंने कहा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और अपने बेटे को सनातन की पाठशाला में पढ़ने के लिए



भेजना चाहिए जहां उन्हें हिंदू धर्म के बारे में पता चलेगा। योगी सेना के नगर सचिव हैप्पी चंद्र ने कहा 125 करोड़ की हिंदू आबादी को स्टालिन ने खत्म करने की मांग की है इसके लिए उन पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक छाबड़ा,निपुण गगनेजा ,हैप्पी रस्तोगी,जसवीर चीमा, मिष्ठान एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश गुंबर, रोहित सुदामा,रजत गाबा,सोनू कुमार, हरिओम सैनी,काका चावला आदि मौजूद थे।

# रेनबो के खिलाड़ी का उत्तराखण्ड बैडमिंटन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रेनबो पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 'इंडियन स्पोर्टस एसोसिएशन' के तत्वावधान में 3 सितम्बर को काशीपुर स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजिंत जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। रेनबो पब्लिक स्कूल रुद्रपुर से अडंरफोर्टीन में प्रतिभाग करने वाले एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी थे। आदित्य सुन्दरियाल, आलम अंसारी, एवं अनुज शर्मा वहीं अंडरसेवेंटीन में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले 'कुशाग्र वर्मा' और 'चिराग भारद्वाज' थें। भारतीय खेल संघ की ओर से विजयी खिलाड़ियों को ब्रांज मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सातवीं उत्तराखंड बैडमिंटन प्रतियोगिता में रेनबों स्कूल के




खिलाड़ियों की अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक संजीव मलिक ने हर्ष व्यक्त किया एवं विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल भारती ने विद्यालय के खेल प्रशिक्षको को धन्यवाद दिया एवं भविष्य में भी अच्छे खिलाड़ियों का चयन कर प्रशिक्षित करने का आहवान किया।

# एसडीएम ने उप तहसील का औचक निरीक्षण किया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। किसानों की लम्बे समय से जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ने उप तहसील का औचक निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी के अचानक तहसील में पहुंचने पर अधिकारियों कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से दाखिल खारिज अन्य मामलों को लेकर किसानों की शिकायत पर सितारगंज के उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने उप तहसील का औचक निरीक्षण किया। किसान आयोग के दर्जा राज्य मंत्री राजपाल सिंह भी उपतहसील पहुंचे। दाखिल खारिज संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। अचानक तहसील में पहुंचने से अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की जानकारी ली उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने हिदायत दी की आम जन द्वारा जो भी शिकायत दर्ज कराई जाती है उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही निर्देशित किया है कि ऐसी व्यवस्था की जाए की तहसील में आने वालों को अनावश्यक कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। तहसील में संचालित व्यवस्थाओं के सुधार लाने के निर्देश दिए। दाखिल खारिज के लिए बेवजह किसी को परेशान ना किया जाए। दाखिल खारिज अन्य अभिलेखों की जांच की गई लंबित प्रकरणों का तुरंत निस्तारण एवं भविष्य में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का समय से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक एवं समस्त राजस्व उपनिरीक्षकों को प्रगति रिपोर्ट सहित उप जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। न्यायालय संबंधित पत्रावलियों में आर्डर सीट मेंटेन किया जाने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने कहा है कि वह सप्ताह के हर बुधवार को उपतहसील नानकमत्ता में बैठना सुरक्षित करेंगे। इस मौके पर भास्कर संभल, भूपेंद्र सिंह, आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# किसानों एवं व्यापारियों को दिया ई नाम प्रशिक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। मंडी समिति कार्यालय में व्यापारियों एवं किसानों के लिए ई नाम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यापारियों एवं किसानों ने लाइव प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रशिक्षण से उनको ई राष्ट्रीय कृषि बाजार के माध्यम से व्यापार करने के लाभ तथा किस प्रकार से राष्ट्रीय कृषि बाजार से व्यापार किया जाता है, के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई । इस दौरान मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर द्वारा किसानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया



। इस मौके पर मंडी समिति सचिव योगेश चंद्र तिवारी द्वारा ई नाम परियोजना की विस्तृत जानकारी दी गई । इस मौके पर जसवीर सिंह,हरलोक सिंह,अमन हुड़िया जोगेंद्र सिंह ,सतनाम सिंह,अमित हुड़िया आदि सहित तमाम किसान एवं व्यापारी मौजूद थे।


एक हाँथ में बंसी उसके, एक हाथ चक्र संघार है।
मेरा कान्हा बंसी वाला, सबका पालनहार है ।।
समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
मोहन लाल खेड़ा
पार्षद भूरारानी,
रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री शिव मन्दिर
मॉडल कालोनी, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)
सुशील अग्रवाल
अध्यक्ष
सुशील धीक
महामंत्री
ताराचन्द्र अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
एवं समस्त भक्त श्री शिव मंदिर मॉडल कालोनी, रुद्रपुर


KOTIA ENTERPRISES
वीर
कच्ची घानी
शुद्धता में
सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरीश चन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर
निकट श्री बालाजी मन्दिर, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर मो० 9897736739, 05944-245571


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की
की हार्दिक शुभकामनायें
To Words The Milk Solution
An ISO 9001-2008 Certified Company Three Export Award Winner
All Products for Animal only, not for human
S.P. SOLVENT LIMITED
Kashipur Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Ph.: 05944-242600, Fax: 244565


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
सिद्धेश्वर श्री बालाजी मन्दिर
बालाजी द्वारा आदर्श कालोनी, रुद्रपुर
श्रद्धेय परम् पूज्य
महंत श्री रमेश वशिष्ठ जी
मो. 9412981982


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी की
हार्दिक बधाई
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ समाजसेवी
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल
डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
चन्द्रकेश यादव
तिरूपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सिं०नगर) मो० 9412089030
तिरूपति पैडी प्रोडक्टस
नगर पालिका मार्केट, दुकान नं०58, रुद्रपुर मो० 9917304466


समस्त
क्षेत्रवासियों
को श्री कृष्ण
जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
Sunil Kalra
9927032888
BALAJI TRADING CO.
Deals in All Kinds of Industrial scrap
वनखण्डी नाथ नगर, सिडकुल रोड, ग्राम फुलसुंगी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
सुनील चुघ
समाज सेवी, रुद्रपुर

# पुलिस लाइन में हर्षोल्लास से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस लाइन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी, जिला जज, एसएसपी , मेयर रुद्रपुर, व सीएमओ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में काफी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोड़ा, क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक व सिडकुल के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। जन्माष्टमी के मौके पर विभिन्न थानों इकाईयों द्वारा झाकियां सजाई गई। स्कूली बच्चों व फेमस डांस ग्रुपों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जन्माष्टमी कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों व स्थानीय कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चों, स्थानीय कलाकारों व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। मध्य रात्रि पुलिस लाईन स्थित मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की पूजा अर्चना कर पटाखों के साथ श्रीकृष्ण भगवान जन्मोत्सव का जश्न मनाया गया।





# दबंगई दिखाकर धमकाने वालों के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर (उद सवांददाता)। फाजलपुर महरोला क्षेत्र में नशेड़ियों स्कूल में आकर हुड़दंग मचाने , मारपीट कर धमकी देने से तंग आकर स्कूल संरक्षक ने कुछ नशेड़ियों के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में दीनानाथ शर्मा पुत्र बांके लाल शर्मा संरक्षक आरबीबी पब्लिक स्कूल, वार्ड 25. फाजलपुर महरौला ने कहा है कि विशाल, चूहा पुत्र मुकेश, विवेक पुत्र जयपाल, विष्णु निवासीगण वार्ड 25 प्रीत विहार, फाजलपुर महरौला चरस, शराब स्मैक आदि का सेवन करते हैं । उन्होंने पूरे मोहल्ले में आतंक मचा रखा है तथा मोहल्ले में चोरिया भी हो रही है। उक्त व्यक्ति आय दिन किसी न किसी को परेशान करते हैं और किसी के साथ भी मारपीट पर उतर आते हैं। दानानाथ का आरोप है 4 सितम्बर को उक्त व्यक्तियों ने उसके स्कूल की जाली दरवाजे पर पैर हाथ मारे। जब स्कूल की महिला मैडम ने इनसे मना किया तो उक्त व्यक्तियों ने उनके साथ गाली–गलीच की। जिसके बाद उनको डाटकर भगा दिया गया। जिसके बाद उसी रात्रि में उसकी पुत्री के घर के बाहर व स्कूल के बोर्ड पर ईंट पत्थर से पथराव किया। 5 सितम्बर को रात्रि के समय वह बालक राम के घर के बाहर बैठा था तभी उक्त व्यक्ति आये और उसके साथ गाली–गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उक्त व्यक्तियों ने पूरे मोहल्ले को भी परेशान कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार व पांच लाख दहेज मांगने पर रिपोर्ट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददता)। विवाह पश्चात कार व पांच लाख रूपये और दहेज की मांग कर विवाहिता का उत्पीड़न करने वाले ससुरालियों के विरूद्ध एसएसपी के निर्देश पर पीड़िता की ओर से रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह अवतार सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी ग्राम जगरामपुरा थाना मुण्डा पाण्डेय जिला मुरादाबाद के साथ 10 दिसम्बर 2017 में सम्पन्न हुआ था। विवाह में करीब 10 लाख रूपये से अधिक स्वयं व रिश्तेदारों आदि के माध्यम से खर्च किये गये। विवाह के कुछ समय बाद ससुरालीजन कहने लगे कि उन्होंने यह सोचकर पुत्र का विवाह तुझसे करवाया था कि दहेज में एक कार एवं नकदी पांच लाख रूपये से अधिक ही देंगे परन्तु मुहमांगा दहेज न देकर समाज व बिरादरी में नाक कटवा दी। मायके से एक कार व नकद पांच लाख रूपये लाकर दें तभी यहां सुखचैन से रह पायेगी। पीड़िता का कहना है कि उसका शारीरिक एवं मानसिक शोषण किया जाता था। पति एवं ससुराल वालें उससे कहते थे कि तुझे इतना टार्चर करेगें कि तू स्वयं आत्म हत्या कर लेगी और उन्हें छुटकारा मिल जायेगा। जसपाल का दूसरी जगह विवाह कर देगें, जहां से कार एवं मुहमांगी नकदी मिलेगी। 25 अक्टूबर 2018 को उसने एक पुत्री को जन्म दिया। जिसका खर्च मायके वालों द्वारा वहन किया गया। अगस्त 2020 में ससुरालियों ने उसे पुत्री सहित घर से निकाल दिया। मायके वालो ने उसका घर संसार बसाने के अथक प्रयास किये। पति दूसरा विवाह करने की फिराक में है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 31वीं वाहिनी में रही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31 वीं वाहिनी पीएसी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव से मनाया गया। इस मायके पर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। जिसमे वाहिनी परिवार ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों व अधिकारियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। "छोटी छोटी गैयाँ छोटे छोटे ग्वाल, छोटो सो मेरो मदन गोपाल!!" "माखन का कटोरा मिश्री का थाल,मिटटी की खुशबु बारिश की फुहार,राधा की उम्मीदें कन्हैया का प्यार,मुबारक हो जन्माष्टमी का त्यौहार भजनों के साथ सुंदर नृत्य देख सभी बहुत प्रभावित हुए। 31वीं वाहिनी पीएसी में जन्माष्टमी पर्व जन्माष्टमी को धूमधाम से मनाया गया। वाहिनी मंदिर में कृष्ण भक्ति को दर्शाती हुई मनमोहक, भव्य झांकी बनायी गई व पूजा अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सर्वप्रथम ईश्वर वंदना व उसके उपरांत अधिकारी कर्मचारियों तथा पारिवारिक सदस्यों एवं बच्चों द्वारा अनेकानेक रंगारंग, मनमोहक, भक्तिमय व नृत्यात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रमों से परिसर का माहौल भक्तिमय हो गया और सभी कृष्ण भक्ति में झूमने लगे।इस अवसर पर प्रेम सिंह खीमाल, जिला न्यायाधीश, उधम सिंह नगर, प्रहलाद नारायण मीणा, पुलिस अधीक्षक, विजिलेंस, मंजूनाथ टीसी, एसएसपी, श्रीमती मीना देवपा, एडीजे रुद्रपुर, रामपाल सिंह, मेयर रुद्रपुर, श्रीकर सिन्हा, अध्यक्ष सिडकुल एसोसिएशन, डॉ सुरभि, सुरभि हॉस्पिटल आदि गणमान्य अतिथियों द्वारा अपना अमूल्य समय देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, राजेन्द्र सिंह कोश्यारी, सहायक सेनानायक, शिविरपाल मनीष शर्मा, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, शुक्रू लाल, सूबेदार सैन्य सहायक, खुर्शीद अली, पीसी गिरीश चंद जोशी, श्रीमती दीपा कर्नाटक, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी का पूर्ण सहयोग रहा।





# राज्यपाल ने दी जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों के बारे में जानने और उनके संदेशों के प्रति स्वयं को समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण की जीवन लीलाओं और संदेशों से हमें सत्य, प्रेम, त्याग, शांति, सेवाभाव और सद्भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा मिलती है। श्रीमद् भागवद् गीता में उनका निष्काम भाव से कर्म करने का शाश्वत संदेश संपूर्ण मानवता के लिए आज भी प्रासंगिक है। राज्यपाल ने जन्माष्टमी के पावन पर्व पर देश एवं प्रदेश में शांति, सौहार्द और समृद्धि की कामना की है।

# बलवंत सिंह के निधन पर शोक

गूलरभोज। व्यापारियों और सामाजिक संगठन द्वारा एक शोक सभा की गई जिसमें पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बलवंत सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, चेयरपर्सन अनिता दुबे, तरुण दुबे, किशोर सावंत, हरीश चंद छाबड़ा, प्रमोद कुमार गुप्ता, विजय कुमार, रामकिशन आहूजा, शिवम रघुवंशी, नंदा वल्लभ पांडे, मोहित चौहान, मोहन पवार, गोविंद सिंह लटवाल, ओम प्रकाश डोगरा, अमित कुमार गुप्ता, अर्पित अनेजा, गिरधारी लाल, राज अनेजा, राजकुमार ग्रोवर, संजीव गुप्ता, हरेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# अस्पताल के सामने खड़ी बाइक चोरी

किच्छा(उद संवाददाता)। पुरानी गल्ला मंडी से मोटरसाइकिल चोर द्वारा मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज पुत्र धर्मपाल निवासी पुराना गल्ला मंडी ने कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी है जिसमे कहा गया है कि उसने मोटरसाइकिल संख्या यूके 06एटी 3773 एक निजी अस्पताल के सामने खड़ी की थी तथा अपने काम से वहीं कुछ दूरी पर चला गया लौट के आया तो पता लगा मोटरसाइकिल वहां पर नहीं है काफी खोजने के बाद भी मोटरसाइकिल बरामद नहीं हो पाई है।पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया

## पेज एक का शेष...

पेपर मिल में हादसा......लगी उन्होंने बेहद नाजुक हालत में घायल मजदूर को उपचार के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां कुछ ही देर बाद गंभीर रूप से घायल मजदूर ने जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए दम तोड़ दिया। मृतक तीन भाइयों में बीच का था। तीनों अविवाहित है। घटना के बाद से बूढ़ी मां का रो–रो कर बुरा हाल है। पेपर मिल के एचआर एस0एस त्रिपाठी अपने एक सहयोगी अधिकारी के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतक परिजनों को ढांढस बंधाया।

**शोभा यात्रा में किया...........**अग्रवाल को कांवड़ लाने का बहुत शौक था। पूर्व में कई बार हरिद्वार से कांवड़ ला चुके थे। कल उन्हे जब पता चला कि शोभायात्रा में भोलेनाथ की झांकी है और उसमें दर्जनों भक्त कांवड़ लेकर चलेंगे तो स्व0 अग्रवाल भी कांवड़ ले जाने वाले भक्तों में शामिल हो गये। बताया जाता है कि शोभा यात्रा के समापन तक श्री अग्रवाल पूरी तरह स्वस्थ थे। रात्रि अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ा और प्रभु के चरणों में लीन हो गये। स्व0 अग्रवाल विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुये थें। उनकी पत्नी राधा अग्रवाल भी श्री अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा रह चुकी है।

# श्री सत्यनारायण मंदिर में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्री सत्यनारायण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में बखश्शी ग्रुप द्वारा कृष्ण लीला की प्रस्तुति की गई। जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। मध्य रात्रि मंदिर के मुख्य पुजारी चन्द्रशेखर जोशी के सानिध्य में पंकज कपूर व गगन चोपड़ा परिवार





द्वारा पूजा कराई गई। साथ ही हजारों श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के सदस्यों ने भी पूजा की। इस अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के संरक्षक जगदीश लाल सड़ाना, गौरीशंकर चड्ढा, जय किशन कपूर, अध्यक्ष पंकज कपूर, उपाध्यक्ष प्रेम मदान, सचिव ठाकुरदास कपूर, कोषाध्यक्ष त्रिलोक नारायण एवं बल्देव गिरधर, राजकुमार आनंद, सनी आनंद, नरेंद्र साहनी, चमन लाल कपूर, दलीप कपूर, गुलशन पाहवा, सोनी सबरवाल, गोविंद ग्रोवर, गगन चोपड़ा, विनय बिरमानी, मदन कपूर, रमेश कालरा, भूषण गुलाटी, विनोद सचदेवा आदि लोग उपस्थित थे।

# कंबोज महासभा एवं व्यापार मंडल ने किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददता)। ग्राम सभा सकैनिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर आशुतोष पंत आयुर्वेद चिकित्सा एवं पर्यावरण कार्यकर्ता के सौजन्य से सैकड़ो फलदार एवं जड़ी बूटियों के पौधों का वितरण एवं पौधारोपण किया गया। डॉक्टर पंत द्वारा अब तक 4 लाख फल दार पेड़ लगवाए जा चुके है।आज व्यापार



मंडल सकैनियाँ द्वारा डॉ.पंत को शाल ओढ़ाकर व जिला कांबोज सभा द्वारा प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सकैनिया व्यापार मंडल अध्यक्ष/जिला कांबोज सभा अध्यक्ष डॉ.देशराज कांबोज ,सचिव डिंपल कांबोज, वेद प्रकाश भुसरी /स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.एस के पपनेजा , निधि रावत ,दीपक कुमार,गोपी दिवाकर, माहेगा राम ,सक्षम कांबोज ,अमित,चीकू आदि मौजूद थे।

# मारपीट मामले की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददता)। रम्पुरा में दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष की ओर से रपट दर्ज करा दी गई है। जिसमें शिवम चन्द्रा पुत्र महेश चन्द्रा निवासी रम्पुरा ने कहा है कि 31अगस्त की रात्रि वह अपनी स्कुटी से अपने घर जा रहा था। तभी रम्पुरा निचाल के पास भीड़ इक्कठी होने से वाहन को धीरे– धीरे चला रहा था। पीछे एक वाहन चालक प्रमोद पुत्र काली चरण अपने दोस्त बन्टी कोली पुत्र घासी राम के साथ आ रहा था। जो अपने वाहन का हार्न लगातार बजाने लगा। जब उनसे मना किया तो प्रमोद एवं बन्टी ने उसे वाहन से गिराकर मारने लगें। आस पास के लोगों ने उसे बचाया ।घटना की रिपोर्ट देने के लिए रम्पुरा चौकी जा रहा था। चौकी के गेट पर पहले से घात लगाकर बैठे उक्त दोनो ने अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर जान लेवा हमला कर दिया। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# झांकियों के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत गत सायं मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरती हुई वापस श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा का मार्ग में अनेंक स्थानों पर भक्तजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। ढ़ोल नगाड़ों की थाप के बीच शोभा यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व मंदिर में विधिविधान से पूर्जा अर्चना की गई। शोभा यात्रा में कई मनमोहक आकर्षक झांकियां भी प्रदर्शित की गई थीं। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की झांकियों को देख लोग काफी आकर्षित हुए। शोभा यात्रा में श्री सनातन धर्म सभा व श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारी व सदस्यगण अनेक जनप्रतिनिधों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारम्भ होकर भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार, हरिचन्द मिड्ढ़ा, अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा, विजय विरमानी, संदीप धीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल, अमित अरोरा, राकेश सुखीजा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, राज वर्मा गल्ला मंड़ी, गाबा चौक, इंदिरा चौक, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, गांधी पार्क से गुजरते हुए वापस श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा का मार्ग में जगह जगह श्रद्धालुजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर जयघोंषों के साथ जोरदार स्वागत किया गयां। शोभा यात्रा में बैंड़ वादकों द्वारा बजाई गई भक्तिपूर्ण धुनों की धुन में श्रद्धालु नाचते गाते रहे। शोभा यात्रा में विधायक शिव अरोरा,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर रामपाल सिंह, श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर,महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, नंदलाल भुड्डी, वेद ठुकराल, विकास शर्मा, उत्तम दत्ता, हरिचन्द मिड्ढ़ा, विजय विरमानी, संदीप धीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल, अमित अरोरा, राकेश सुखीजा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, राज वर्मा सहित हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल थे। मंदिर में आज 7 सितम्बर से आगामी 15 सितम्बर तक प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक श्री सनातन धर्म युवा सभा द्वारा प्रभु श्री कृष्ण की लीला का शुभरारम्भ किया जायेगा। जो पं. कैलाश चन्द्र शर्मा एंड पार्टी वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा की जायेगी।

















